दिनांक 02.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम के 15 कर्मचारियों का कोविड - 19 की जांच

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वारियर्स के रूप में काम कर रहे कर्मियों का आज कोरोना जांच के लिए सेंपल लिया गया। मैदानी स्तर पर काम करने वाले एवं निगम के विभिन्न सेवाओं से जुड़े हुए अधिकारियों/कर्मचारियों पर किसी प्रकार का संक्रमण न फैले इसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरटीपीसीआर जांच के लिए स्वेब का सेंपल लिया तथा कुछ कर्मचारियों का रैपिड टेस्ट भी किया गया। निगम के सभागार में आयोजित कोरोना जांच शिविर में निगम मुख्यालय के 15 कर्मचारियों से अपनी जांच करवाई। जांच में उन लोगों को लिया गया जो कार्य के दौरान अधिक से अधिक लोगों के संपर्क में आते है। चिकित्सकों ने बताया कि कोरोना से लड़ने सोशल डिस्टेंस का पालन करना एवं मास्क का उपयोग करना ही बेहतर माध्यम है साथ ही बार बार हाथों की अच्छे से धुलाई करते रहे ताकि वायरस संक्रमण से मुक्त रह सके। कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे है! आज सुबह 11 बजे निगम के सभागार में जिला चिकित्सा विभाग के डाॅक्टर जितेश सोनी और लैब टेक्निशियन हेमलता निर्मलकर पहुंचे जिन्होंने गाइडलाइन के मुताबिक क्रमशः कर्मचारियों की कोरोना जांच किए। डाॅक्टर जितेश सोनी ने बताया कि आज निगम के 15 कर्मचारियों का कोरोना जांच किया गया इसमें 8 कर्मचारियों का आटीपीसीआर जांच हेतु स्वैब का सेम्पल लिया गया जिसे जांच हेतु लैब भेजा गया है तथा 7 कर्मचारियों का मौके पर रैपिड टेस्ट से जांच किया गया। इस दौरान डाॅक्टरों की टीम ने सभी कर्मचारियों को तबीयत खराब होने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दिए।

जनसम्पर्क अधिकारी